06.04.2026 | आकाशवाणी जयपुर–अजमेर | 18.30 पीएम

प्रादेशिक समाचार

○ सार्वजनिक उपक्रम तेल कंपनियों ने स्पष्ट किया कि राजस्थान में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की कोई कमी नहीं–उपभोक्ताओं को पूरी तरह निश्चिंत रहना चाहिए।
○ भारतीय जनता पार्टी अपना 47 वां स्थापना दिवस मना रही है–प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा पार्टी हमेशा से राष्ट्र प्रथम के सिद्धांत से प्रेरित होकर समाज सेवा में अग्रणी रही।
○ राज्य में लगातार आंधी बारिश का सिलसिला जारी–एक और पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से आज और कल कई ज़िलों में आंधी और बारिश के आसार।
○ किसानों को जैविक और प्राकृतिक खेती की ओर प्रेरित करने के मकसद से प्रदेश में आपणो खेत आपणी खाद अभियान शुरू।

000

सार्वजनिक उपक्रम तेल कंपनियों ने स्पष्ट किया है कि राजस्थान में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की कोई कमी नहीं है तथा उपभोक्ताओं को पूरी तरह निश्चिंत रहना चाहिए। जयपुर में आयोजित प्रेस वार्ता में राज्य स्तरीय कोऑर्डिनेटर मनोज गुप्ता ने बताया कि राज्य में सभी तेल कंपनियों के टर्मिनल संचालित हैं और इन टर्मिनलों से पहले की तरह पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की आपूर्ति लगातार जारी है। उन्होंने कहा कि कंपनियों के पास पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। साथ ही राज्य सरकार द्वारा घरेलू एलपीजी उपभोक्ताओं के लिए बुकिंग अवधि निर्धारित की गई है, जिसके तहत शहरी क्षेत्रों में 25 दिन और ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिन के भीतर सिलेंडर की डिलीवरी की जा रही है। श्री गुप्ता ने यह भी बताया कि फिलहाल घरेलू एलपीजी के नए कनेक्शन जारी नहीं किए जा रहे हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि कामगार और छोटे व्यवसायी पेट्रोल पंपों पर उपलब्ध 5 किलो के सिलेंडर का उपयोग कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में कमर्शियल एलपीजी की लगभग 70 प्रतिशत आपूर्ति की जा रही है, जिसमें आवश्यक सेवाओं से जुड़े क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जा रही है।

.......................

इस बीच प्रदेश में रसद विभाग द्वारा गैस आपूर्ति में अनियमितताएं बरतने वाली गैस एजेंसियों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। डीग में अनियमितता के मामले में एक गैस ऐजेंसी का लाईसेंस रद्द कर दिया गया।

000

भारतीय जनता पार्टी आज अपना 47वां स्थापना दिवस मना रही है। इस अवसर पर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन सहित भाजपा के अन्य वरिष्ठ नेताओं ने पार्टी के स्थापना दिवस पर कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं दीं। श्री मोदी ने कहा कि पार्टी हमेशा से 'राष्ट्र प्रथम' के सिद्धांत से प्रेरित होकर समाज सेवा में अग्रणी रही है। अपने वीडियो संदेश में श्री मोदी ने कहा कि उनकी पार्टी ने जनकल्याण को अपनी प्राथमिकता बनाया है।

.....................

इधर प्रदेश में भी भारतीय जनता पार्टी ने अपना 47वां स्थापना दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया। जयपुर में प्रदेश भाजपा कार्यालय में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के समर्पण और संगठनात्मक निष्ठा के कारण भाजपा आज दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने भी इस अवसर पर संदेश देते हुए श्यामा प्रसाद मुखर्जी, दीनदयाल उपाध्याय और विजयाराजे सिंधिया को नमन किया, तथा अटल बिहारी वाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी की विरासत को

प्रेरणास्रोत बताया। हनुमानगढ़, बाड़मेर, भीलवाड़ा पाली सहित कई जगह झण्डा फहराया गया। सवाईमाधोपुर में पार्टी की ओर से विभिन्न आयोजन शुरू हुए।

000

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि देश के सैनिकों को सर्वोत्तम स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। उन्होंने कहा कि सैनिक दिन–रात, हर मौसम में और हर परिस्थिति में देश की सेवा करते हैं। नई दिल्ली में सेना चिकित्सा कोर के स्थापना दिवस के अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि इस तरह के प्रमुख संस्थान देश के हर कोने में होने चाहिए, ताकि सेना को हर जगह बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि सैन्य नर्सिंग सेवा की नर्सों को, सेवानिवृत्ति के बाद पूर्व सैनिक का दर्जा नहीं दिया गया था। अब सरकार ने उन्हें पूर्व सैनिक का दर्जा देने का निर्णय लिया है।

000

प्रदेश में एक के बाद एक लगातार पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहे है। इनके असर से मौसम का मिजाज बदला हुआ है और आंधी बारिश का सिलसिला बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में आज से एक और पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। इससे जोधपुर, बीकानेर और अजमेर संभाग तथा शेखावाटी इलाके में कहीं कहीं आंधी के साथ हल्की से मध्यम बरसात हुई है। आज रात कई सीमावर्ती जिलों में आंधी के साथ बारिश की संभावना है। मौसम केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने आकाशवाणी को बताया कि अगले तीन दिन तक सक्रिय रहने वाले इस विक्षोभ का सबसे ज्यादा असर कल रहने के आसार है।

................

बीते 25 दिनों में सक्रिय होने वाला ये सातवां पश्चिमी विक्षोभ होगा। इस बीच राज्य के ज्यादातर हिस्सों में दिन ओर रात का तापमान सामान्य से नीचे बना हुआ है।

000

प्रदेश में आज से "आपणों खेत आपणी खाद" अभियान शुरू हुआ। यह अभियान 30 अप्रैल तक चलेगा। इस अभियान का मकसद किसानों को अपने ही खेत में उपलब्ध संसाधनों से जैविक खाद और पोषक तत्व तैयार करने के लिए प्रेरित करना है, इससे न केवल उत्पादन में बढोतरी होगी बल्कि कृषि उत्पादों की गुणवत्ता में भी सुधार आएगा।

कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल ने बतया कि इस अभियान के तहत देशी खाद, हरी खाद, जैव उर्वरक तथा प्राकृतिक खेती की विधियों को बढ़ावा दिया जाएगा। इस दौरान दौरान ग्राम पंचायत स्तर तक व्यापक जन–जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें कृषक गोष्ठियां, रात्रि चौपाल, प्रभात फेरियां, प्रशिक्षण और स्कूलों में जागरूकता गतिविधियां शामिल होंगी।

000

राज्य सरकार ने प्रदेश की विभिन्न कृषि उपज मण्डी समितियों के विकास के लिए 40 करोड 63 लाख रुपये से अधिक की राशि मंजूर की है। इस राशि से जैसलमेर, रायसिंहनगर, नोखा, कोटपूतली और डीग सहित कई मंडियों में यार्ड और संपर्क सडके बनाने के अलावा बिजली संबंधी काम किये जायेंगे। मंडियों में किसान विश्राम स्थलों के निर्माण की अभिनव पहल भी शुरू की गई है। इस योजना के तहत पहले चरण में प्रदेश की 116 मंडियों में 46 करोड 86 लाख रुपये की लागत से 781 किसान विश्राम स्थलों का निर्माण किया जाएगा।

000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज बूंदी जिले के केशवरायपाटन में चंबल नदी के तट पर स्थित प्राचीन भगवान केशवराय मंदिर और आसपास के क्षेत्र का जायज़ा लिया। श्री बिरला ने नाव के जरिये चंबल नदी के एक छोर से दूसरे छोर तक और रंगपुर गांव में घाटों की वर्तमान स्थिति का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि

मंदिर की ऐतिहासिकता को ध्यान में रखते हुए घाटों का व्यवस्थित निर्माण कराया जाए ताकि श्रद्धालुओं को सुगमता हो सके। उन्होंने बताया कि इस पावन धाम के कायाकल्प के लिए लगभग 45 करोड़ रुपये की एक महत्वाकांक्षी योजना तैयार की गई है।

000

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने आज जयपुर में राजस्थान फ़िजियो समिट को सम्बोधित किया। दो दिन के इस सेमिनार में देश के 30 विश्वविद्यालयों के 2000 से अधिक प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे है। श्री देवनानी ने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे अपने कार्य को केवल उपचार नही बल्कि सेवा और साधना का माध्यम बनाये।

000

राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित उप निरीक्षक एवं प्लाटून कमांडर भर्ती–2025 की परीक्षा शांतिपूर्ण और व्यवस्थित  वातावरण में सम्पन्न हुई। आज दूसरे दिन भी परीक्षा दो पारियों में आयोजित  की गई जिसमें बड़े पैमाने पर अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। यह परीक्षा प्रदेशभर में एक हजार 174 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की की गई। इसके लिए 7 लाख 70 हजार अभ्यर्थी पंजीकृत थे। पुलिस और प्रशासन की ओर से परीक्षा को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के लिए व्यापक स्तर पर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया।

000